महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव,
सत्र 2024–25 हेतु परिषद से अनापत्ति निर्गत
किये जाने हेतु नव–आवेदित संस्थान।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2024 / 8174 **लखनऊःदिनांक–** 25.01.2024

विषयः–सत्र 2024–25 हेतु परिषद से अनापत्ति निर्गत किये जाने हेतु यू0राईज पोर्टल के माध्यम से किये गये आवेदन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के कार्यालय ज्ञाप संख्या प्राशिप / परिषद / 2024 / 104 दिनांक 09–01–2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 2 / 2024 / आई465018 / 2024–16–3099 / 156 / 2019 दिनांक 05 जनवरी 2024 में उल्लिखित प्राविधान के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु राज्य द्वारा अनापत्ति निर्गत करने की प्रकिया हेतु यू0राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

संस्थानों द्वारा यू0राईज पोर्टल पर एन0ओ0सी0 हेतु किये गये आवेदनपत्रों की परिषद स्तर पर स्कूटनी की जा रही है, जिसमें अधिकांश संस्थानों में निम्नलिखित कमियां परिलक्षित हो रही हैं:–

1. अभिलेख अपठनीय है।
2. वांछित अभिलेख संलग्न नहीं है।
3. सक्षम प्राधिकारी (विकास प्राधिकरण / नगर निगम / जिलापंचायत) द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं है अथवा प्रमाण पत्र स्वीकृत नहीं है।
4. जी0पी0एस0 कैमरा से इंस्टीट्यूट की फोटो जिसमें, Longitute एवं Latitude प्रदर्शित नहीं हो रहा है।
5. खाताधारक का नाम जिसके द्वारा भुगतान किया गया है, की .त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि की गयी है, जिससे भुगतान की पुष्टि संभव नहीं हो पा रही है।

जिन आवेदनों में स्कूटनी के पश्चात् जो भी कमियां पायी जा रही हैं, उन कमियों को पोर्टल के माध्यम से दूर करने हेतु उचित अभिलेख अपलोड करने हेतु आवेदन को सुधार हेतु अग्रसारित किया जा रहा है। इस संबंध में पोर्टल के माध्यम से भी संबंधित संस्थानों को ई0मेल0 के माध्यम से सूचना प्रेषित की जा रही है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने पोर्टल पर इंगित की गयी कमियों का तत्काल निराकरण निर्धारित अवधि (ई0मेल0 के माध्यम से प्रेषित) तक करते हुए उचित एवं पठनीय अभिलेख पोर्टल पर पुनः अपलोड करना सुनिश्चित करें।

यदि आप द्वारा समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है तो आपका आवेदन नियमानुसार निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2024 / 8175-76 **तद्दिनांक–** 25.01.2024

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\NOC SCRUTINY 24-25.docx